# मिशन शक्ति कार्यक्रम से सशक्त हो रहीं महिलाएं



महिलाओं को जागरूक करतीं महिला पुलिसकर्मी। - स्रोत: पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

## जिले भर में जागरूकता चौपाल का किया गया आयोजन

**श्रावस्ती।** मिशन शक्ति 5.0 के तहत मंगलवार को जिले भर में जागरूकता चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस कर्मियों ने महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबरों, कानूनों व विकासपरक योजनाओं की जानकारी दी।

इकौना थाने की उपनिरीक्षक अर्चना सिंह ने सोनरई, इटौझा व सलवारिया गांव में चौपाल लगाई। महिलाओं व बालिकाओं से कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य आप सभी तक जानकारी पहुंचाकर आपको सशक्त बनाना है। सरकार की विभिन्न योजनाओं व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी।

एनएमपीटी टीम के उप निरीक्षक सोहेल खान ने राजगढ़ गुलरिया, अमरेभरिया और बेल्हाराघव में, मल्हीपुर थाने के उप निरीक्षक शमशाद अली ने कलकलवा में, गिलौला थाने के उपनिरीक्षक आदर्श कुमार ने टीम के साथ चंद्रांवा गांव में चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया।

# महिलाओं व बालिकाओं को दी लैंगिक समानता की जानकारी

- मिशन शक्ति अभियान के तहत टीम ने गांव-गांव चौपाल लगाकर किया जागरूक
- सुरक्षा, सम्मान व आत्मनिर्भरता को सशक्त करने के लिए चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

जासं • श्रावस्ती : मिशन शक्ति अभियान के तहत मंगलवार को महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व आत्मनिर्भरता को सशक्त करने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मिशन शक्ति टीम ने गांवों में चौपाल लगाकर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकार, सुरक्षा व लैंगिक समानता की जानकारी दी।

इकौना की मिशन शक्ति टीम ने सोनरई, इटौंझा व सलवरिया गांव में चौपाल लगाकर महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूक किया। नवीन मार्डन श्रावस्ती की टीम ने राजगढ़ गुलरिया, अमारेभरिया व बेलहा राघव में चौपाल लगाई। मल्हीपुर की टीम ने कलकलवा में महिलाओं को उनके अधिकारों और योजनाओं की जानकारी दी।

भिनगा की टीम ने अमरहवा, लक्ष्मनपुर बाजार व गढ़ी चौराहे पर चौपाल लगाकर महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्य, महिला सुरक्षा योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया। उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी भी ली।



चौपाल में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करतीं मिशन शक्ति टीम की सदस्य • जागरण